www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

.नई दिल्ली, सोमवार, 5 नवम्बर, 2018 | वर्ष-11 | अंक-212 | पृष्ठ-14 | मूल्य - 4.00 रुपए

छग में गठबंधन सरकार बनते ही माओवादी समस्या खत्म हो जाएगी : मायावती पृष्ठ 03

■ दिसम्बर में एक्वा लाइन मेट्रो का होगा संचालन
■ दीपावली व धनतेरस से पहले जमकर हुई खरीदारी पृष्ठ 05

■ 'सरकारी पैसे को बैंकों से निकाल विकास पर खर्च करें'
■ लाल डोरे में आने वाली भूमि पर मिलेगा लोन पृष्ठ 12

प्रियंका ने की बैचलर पार्टी 14

गौरी ने की शुरुआत, नवाब ने लगाया पंजाबी गानों का तड़का

ग्रेट नोएडा फेस्ट में बच्चे व महिलाओं ने जमकर की मस्ती

ग्रेटर नोएडा, 4 नवम्बर (देशबन्धु)। गौड़ सिटी स्थित गौड़ स्टेडियम में दो दिवसीय ग्रेट नोएडा फेस्ट का सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हिंदी और पंजाबी गानों ने ऐसा समां बांधा की हर कोई संगीत की धुनों में झूमता ही रह गया। गौड़ सिटी में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत प्रसिद्ध डीजे गौरी ने की। बॉलीवुड के प्रसिद्ध गानों पर अपना स्पेशल रीमिक्स पेश किया जिस पर कोई भी अपने कदमों को थिरकने से रोक नहीं सका। डीजे की परफॉरमेंस के बाद रोकनामा स्टेज पर आई और अपनी सुरीली आवाज से सबका मन लिया। उन्होंने बॉलीवुड और पॉप गानों को अपने अंदाज में गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। इसके तुरंत बाद विशेष, दी परक्युशनिस्ट ने प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया, और फिर पंजाबी गाने, एक्सपर्ट जाट के गायक नवाब ने पंजाबी गानों का ऐसा तड़का लगाया कि हर कोई संगीत की मस्ती में नाचता नजर आया। दर्शकों ने अपने आप को रोका ही था कि गाल नी कडनी के गायक व युवा दिलों की धड़कन परमिश वर्मा ने स्टेज पर आकर धूम मचा दी। शडा, गाल नी कडनी, ले चक में आ गया, कच्चे पक्के यार, 3 पेग सहित अन्य पंजाबी गानों पर धमाकेदार प्रस्तुति दी। इस संगीत व मनोरंजन से भरी शाम का अंत करते हुए डीजे योगी ने अंतिम प्रस्तुति दी और हर एक दर्शक कभी न भूलने वाली यादें अपने साथ ले कर गया। आयोजन में पॉप गानों से लेकर बॉलीवुड, डीजे व पंजाबी गानों से भरपूर मनोरंजन मौजूद रहा।